प्रादेशिक समाचार
दिनांक–10.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय गृह मंत्री ने नई दिल्ली में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के पहले स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा– साइबर सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अहम पहलू।
- केन्द्रीय मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान पहुंचे रांची, भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर कर रहे हैं बैठक।
- राज्य में आज से फिर शुरु हुई उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया, शारीरिक दक्षता परीक्षा को लेकर किये गये कई बदलाव, दौड़ के समय में भी परिवर्तन।
- रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ हो रही है बारिश, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।
- पेरिस पैरालिंपिक से स्वदेश लौटने पर भारतीय दल का नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुआ शानदार स्वागत, 29 पदक जीतकर भारतीय खिलाड़ियों ने बनाया रिकार्ड।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र–आई फोर सी के पहले स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने साइबर अपराध की रोकथाम के लिए चार प्रमुख पहलों का भी उन्होंने शुभारंभ किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से ही साइबर फ्रॉड की चुनौतियों से निपटा जा सकता है।
कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराध की रोकथाम के लिए झारखंड द्वारा बनाये गये प्रतिबिंब ऐप की उपलब्धियों को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता और ऐप बनाने वाले गुंजन कुमार को सम्मानित किया गया।

****

केन्द्रीय मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान आज फिर रांची पहुंचे। वे पार्टी मुख्यालय में भाजपा नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक में पार्टी की परिवर्तन यात्रा पर चर्चा हो रही है। बैठक में चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 15 सितंबर को जमशेदपुर आमगन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गयी है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर पूरे कोल्हान क्षेत्र में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। श्री सोरेन सरायकेला जिले के गम्हरिया में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस–झामुमो गठबंधन को धोखा देने के आरोप को भी बेबुनियाद बताया।

****

भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि माले में मासस के विलय से झारखंड की राजनीति में बड़ा बदलाव आयेगा। धनबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इससे राज्य में इंडिया गठबंधन को भी बल मिलेगा।

****

राज्य में उत्पाद सिपाही बहाली के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आज से फिर शुरू हो गई है। हमारे रांची संवाददाता ने बताया कि दूसरे चरण में नये नियम और नये समय के साथ दौड़ की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

****

बाबा नगरी देवघर और वाराणसी के बीच 15 सितंबर से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरु होगा। इस सिलसिले में आज आसनसोल डिवीजन के एडीआरएम आशीष भारद्वाज ने बैद्यनाथ धाम रेलवे स्टेशन का जायजा लिया और रेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

चतरा जिले के चर्चित हेमराज हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। हनी ट्रैप से जुड़ी इस घटना को एक रिटायर्ड डीएसपी के पुत्र और एक आरक्षी के पुत्र ने आठ अन्य लोगों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने इस मामले में शामिल आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें दो युवतियां भी शामिल हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडे ने बताया कि आरोपियों के पास से हत्याकांड में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिये गये हैं।

****

जन शिकायतों के समाधान के लिए लोहरदगा जिले में पुलिस की ओर से विशेष पहल की जा रही है।

****

हजारीबाग जिले के कर्जन ग्राउंड में करमा महोत्सव संपन्न हो गया। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल भी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखने में सामूहिक प्रयास की जरुरत है।

****

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में आज से तीन दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना जतायी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बारिश के साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया की बंगाल की खाड़ी में गहरा निम्न दबाव का क्षेत्र आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है।
इसी का असर झारखंड पर दिखायी पड़ रहा है। रांची और आसपास के क्षेत्रों में कल रात से ही रुक–रुक कर बारिश हो रही है।

****

पेरिस पैरालिंपिक से भारतीय दल स्वदेश लौट आया है। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज ढोल–नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ भारतीय दल का शानदार स्वागत किया गया। देश के लिए यह एक उल्लेखनीय अभियान रहा, जिसमें भारतीय दल ने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य सहित कुल 29 पदक जीतकर रिकॉर्ड बनाया।

****